सीएसआईआर - केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी (राज.)

सं. 9/8/2021-CR　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांकः 02.04.2026

कार्यालय ज्ञापन

संस्थान के सभी सहकर्मियों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 की अपार/ओ-अपार/पी.एम.एस. तैयार की जानी है। अतः सभी कर्मचारी/अधिकारी सीएसआईआर/सीरी वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रोफोर्मा का प्रिंट (**Both Side**) लेकर स्थापना अनुभाग-II से अवकाश विवरण (Leave Records) अंकित करवाने के पश्चात स्व-मूल्यांकन करें। तत्पश्चात स्व-मूल्यांकित अपार दिनांक 30.04.2026 तक संबंधित रिपोर्टिंग अधिकारी को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। रिपोर्टिंग अधिकारी अपार प्राप्त होने के एक माह के भीतर मूल्यांकन कर संबंधित समीक्षा अधिकारी को अग्रेषित करेंगे। इसी प्रकार समीक्षा अधिकारी भी अपार प्राप्त होने के एक माह के भीतर रिव्यू कर स्थापना अनुभाग-I (E-I) को अग्रेषित करेंगे।

समूह-IV के कर्मचारी/अधिकारी भी अपने पी.एम.एस. प्रपत्र में स्थापना अनुभाग-II (E-II) से अवकाश विवरण अंकित करवाने के बाद ही स्व-मूल्यांकन पूर्ण कर निर्धारित समयावधि में स्थापना अनुभाग-I (E-I) को प्रस्तुत करें।

रिपोर्टिंग अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि स्व-मूल्यांकित अपार पर रिपोर्टिंग करने से पूर्व उसमें अवकाश विवरण (Leave Records) विधिवत भरा हुआ हो। साथ ही वे यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनके अधीन कार्यरत सभी कर्मचारी/अधिकारी निर्धारित तिथि तक अपने स्व-मूल्यांकित अपार/ओ-अपार प्रस्तुत कर दें।

गैर-तकनीकी संवर्ग के कर्मचारी/अधिकारी अपनी ओ-अपार SPARROW पोर्टल पर ऑनलाइन भरेंगे। सभी संबंधितों की ओ-अपार जनरेट कर प्रेषित की जा चुकी हैं/प्रेषित की जा रही हैं।

अपार/ओ-अपार/पी.एम.एस. प्रपत्र www.csir.res.in तथा www.ceeri.res.in पर उपलब्ध हैं। सभी प्रपत्र दोनों ओर (**Both Side**) से प्रिंट किए जाएं। एक ओर से प्रिंट किए गए अपार/ओ-अपार/पी.एम.एस. प्रपत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

मधुरंजन 2/4/2026

(मधुरंजन पाण्डेय)
प्रशासन नियंत्रक

प्रतिलिपिः

1. निदेशक/प्रशासन नियंत्रक के निजी सहायक
2. सूचना पट्ट
3. सभी कर्मचारी/अधिकारी - सूचनार्थ व आवश्यक कार्रवाई हेतु।
4. Head, AIT Group - कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की व्यवस्था करें।